किसानों को कृषि यंत्र खरीद पर मिलेगा 50 प्रतिशत तक अनुदान

कृषक 13 सितम्बर तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं

■ योजना के अन्तर्गत राज्य में लगभग 66 हजार किसानों को 200 करोड़ रूपये का अनुदान दिये जाने का प्रावधान रखा गया है

भीलवाड़ा, (निसं)। खेती-किसानी में कृषकों द्वारा बुआई, जुताई और बिजाई जैसे कठोर कार्य किये जाते हैं। इन्हीं कार्यो को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के प्रावधानों के अन्तर्गत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों पर अनुदान देकर लाभान्वित किया जायेगा, जिससे किसानों पर आर्थिक भार कम पडेगा और कृषि कार्य आसान हो जायेंगे साथ ही किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

कृषि आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी ने बताया कि योजना के अन्तर्गत राज्य में लगभग 66 हजार किसानों को 200 करोड़ रूपये का अनुदान दिये जाने का प्रावधान रखा गया है। इसके लिए कृषक 13 सितम्बर तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, लघु, सीमान्त एवं महिला किसानों को ट्रेक्टर की बीएचपी के आधार पर लागत का अधिकतम 50 प्रतिशत तक तथा अन्य श्रेणी के कृषकों को लागत का अधिकतम 40 प्रतिशत तक अनुदान दिया जायेगा। लघु एवं सीमान्त श्रेणी के किसानों को ऑन-लाईन आवेदन से पूर्व जन आधार में लघु एवं सीमान्त श्रेणी जुड़वाना आवश्यक है, आवेदन के दौरान उक्त प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

कृषि आयुक्त ने बताया कि राज किसान साथी पोर्टल पर ई-मित्र के माध्यम से जनाधार कार्ड, जमाबंदी की नकल, कृषि यंत्र का कोटेशन आदि दस्तावेजों की सहायता से ऑन-लाईन आवेदन कर सकते हैं। किसानों को राज्य में प्रचलित ट्रैक्टर संचालित सभी प्रकार के कृषि यंत्र जैसे रोटावेटर, थ्रेसर, कल्टीवेटर, बंडफार्मर, रीपर, सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, डिस्क हेरो, प्लॉउ आदि यंत्रों पर अनुदान दिया जायेगा। किसान द्वारा कृषि यंत्रों को पंजीकृत फर्म से खरीदने तथा सत्यापन के बाद अनुदान उनके जनाधार से जुड़े बैंक खाते में हस्तान्तरित किया जायेगा।

एक जन आधार पर होगा एक आवेदन:- एक किसान को एक प्रकार के कृषि यंत्र पर तीन वर्ष की कालावधि में केवल एक बार अनुदान दिया जायेगा। किसानों को वित्तीय वर्ष में एक ही कृषि यंत्र पर अनुदान दिया जायेगा। प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने से पूर्व खरीदे गये पुराने कृषि यंत्रों पर अनुदान नही दिया जायेगा। एक जन आधार द्वारा एक ही आवेदन स्वीकार होगा कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए किसान के नाम भूमि और ट्रेक्टर चलित यंत्र पर अनुदान के लिए ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन आवेदक किसान के नाम होना आवश्यक है।

गढबोर चारभुजा पदयात्रा जायेगी 08 सितम्बर को

भीलवाडा, (निसं)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री चारभुजा गौ सेवा संघ भीलवाड़ा द्वारा कन्या भूरण हत्या, गौ हत्या, की रोकथाम के लिए भीलवाडा से श्रीचारभुजानाथ गढबोर तक पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए श्रीचारभुजा गौ सेवा संघ के महामंत्री पार्षद विजय कुमार लढ़ा ने बताया कि पदयात्रा का मुख्य समारोह 08 सितम्बर रविवार को सायं 5.15 बजे "लाल जी चले श्रीचारभुजानाथ गढ़बोर" का आयोजन श्रीपंचमुखी दरबार मंदिर प्रांगण में होगा। जिसमें हाथी घोडा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयघोष के साथ लाल जी महाराज की श्रृंगारित प्रतिमा को भव्य रथ में संत श्री हंसराम जी महाराज, श्री लक्ष्मणदास जी त्यागी पंचमुखी दरबार, श्री बाबुगिरी जी महाराज, श्री श्यामसुन्दर दास जी महाराज नृसिंह टेकरी ओंकारेश्वर द्वारा विराजमान किया जाएगा एवं भोग, महाआरती का आयोजन होगा। श्रीचारभुजा गौ सेवा संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण लढा ने बताया कि पदयात्रा 08 सितम्बर को बापूनगर में रात्रि विश्राम करेगी। दूसरे दिन पदयात्रा दिनांक 09 को पुर, कारोई होते हुये श्री विनायक विद्यापीठ भूणास पहुचेगी।

'युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक'

अजमेर, (कासं)। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अभाव, अल्ट्रा प्रोसेस्ड जंक फूड और कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक्स का अधिक इस्तेमाल, अपर्याप्त नींद तथा अत्यधिक स्क्रीन टाइम युवाओं के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहे हैं। यह जानकारी आज यहां महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में नवांतुक छात्राओं के रिफ्रेशर कार्यक्रम में क्षेत्रपाल हॉस्पिटल के गेस्ट्रो एंटेरोलॉजिस्ट डॉ आकाश माथुर ने दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन एक घंटे नियमित सैर, योग व व्यायाम तथा दिनभर पर्याप्त पानी पीकर हाइड्रेट रहना अच्छे स्वास्थ्य के लिए मूलभूत शर्त है।

डॉ माथुर ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है कि युवा अपनी भावनाएं और कठिनाइयां अभिव्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया के बजाय अध्यापक, परिवार के किसी सदस्य अथवा मित्र के रूप में एक ऐसे व्यक्ति के संपर्क में रहें ,जिसके साथ वे रूबरू होकर खुले दिल से अपने बारे में चर्चा कर सकें। यदि छात्र अपने करियर में सफल होना चाहते हैं तो इसके लिए आवश्यक है कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहें। डॉ माथुर ने कहा कि युवाओं को न केवल अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए वरन अपने माता-पिता को भी नियमित सैर करने, सभी विटामिन और मिनरल्स से भरपूर संतुलित आहार लेने एवं स्वास्थ्य के अन्य उपायों के लिए निरंतर प्रेरित करना चाहिए क्योंकि अब यह उनकी जिम्मेदारी है। आज सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य को लेकर असीमित मात्रा में अच्छी सामग्री उपलब्ध है, इन्हें युवा पीढ़ी को अपने माता-पिता तक पहुंचाना चाहिए।

मोटरसाइकिल से गिरने से महिला घायल

मसूदा, (निसं)। मोटरसाइकिल से गिरने से महिला घायल मसूदा 4 सितंबर मसूदा उपखंड क्षेत्र गड्डी रामपुरा खरवा निवासी आनन्द कंवर पत्नि नन्द अपने पुत्र के साथ विजयनगर की ओर जाते समय ग्राम पंचायत शेरगढ़ के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गई राहगीरों की मदद से घायल महिला को मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा महिला का प्राथमिक उपचार किया गया।

सार-समाचार

मासिक बैठक का हुआ आयोजन

आसींद, (निसं)। नगर के वार्ड नंबर 14 आंगनवाड़ी पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक आयोजित हुई जिसमें उपनिदेशिका महिला बाल विकास विभाग भीलवाड़ा राजकुमारी खोरवाल ने बैठक में भाग लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए महिला बाल विकास उपनिदेशक राजकुमारी खोरवाल के मार्गदर्शन में आसींद क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को पोषण अभियान, गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य, बाल विकास, और अन्य संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

रुपए चोरी करके ले जाने का आरोप

अजमेर, (कासं)। क्रिश्चियन गंज स्थित ग्राम लोहागल `से घर में रखे रुपए चोरी करके ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम लोहागल निवासी मदनलाल पुत्र शोभा ने शिकायत दिया कि 1 नवंबर 2023 से लेकर 30 अगस्त 2024 के बीच उसके मकान से इस दौरान नितेश दबाना नामक व्यक्ति उसके घर में रखे रुपए निकाल कर ले गया। इस संबंध में आरोपी नितेश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (ए) के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही है। मामले की जांच थाने के हेड कांस्टेबल अर्जुन रामद्वारा की जा रही है।

नाट्य समारोह 9 व 10 सितम्बर को

अजमेर, (कासं)। आप-हम एवं सपना संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में 20वां अजयमेरु बाल एकांकी नाट्य समारोह 9 और 10 सितंबर को सूचना केंद्र की सभागार में आयोजित किया जाएगा। समारोह में शहर के 16 विद्यालय भाग लेंगे। संस्था के अध्यक्ष विष्णु अवतार भार्गव ने बताया कि समारोह 9 और 10 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। 9 सितंबर को शिक्षक से संबंधित विभिन्न विषयों पर मंथन किया जाएगा। समारोह के दूसरे दिन 10 सितंबर को आयोजित होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को पुरस्कार वितरण करने के साथ-साथ विभिन्न सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

प्रकाश पर्व पर कार्यक्रम सम्पन्न

बिजयनगर, (निसं)। ट्रस्ट श्री गुरु सिंह सभा बिजयनगर के तत्वाधान में बुधवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश उत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। पटवार घर के पीछे स्थित गुरुद्वारा साहिब में शाम दीवान में श्री सुखमणि साहिब का पाठ आयोजन हुआ व कीर्तन दरबार भाई साहब भाई अमरजीत सिंह बूंदी वाले संगत को कथा मे बताया की श्री गुरु अर्जन साहिब जी ने 1604 में दरबार साहिब में पहली बार गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश किया था। मानवता में गुरू के उपदेशों को पहुंचाया जा रहा है।

'अजमेर में बाहरी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं'

■ राठौड़ के शहर कांग्रेस के अधिकृत कार्यक्रमों में भाग लेने पर कांग्रेस पार्षदों ने दी विरोध की चेतावनी

अजमेर, (कासं)। अजमेर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष पर द्रौपदी कोली को हटाने का विवाद बढ़ता जा रहा है, कांग्रेस पार्षदों ने विरोध व्यक्त करते हुए बयान जारी किया है कि पिछले लंबे समय से एकजुट कांग्रेस पार्षदों द्वारा द्रौपदी कोली को नेता प्रतिपक्ष पद से हटाए जाने की मांग की जा रही है, जिसके तहत कांग्रेस पार्षदों द्वारा समय-समय पर बैठकें आयोजित कर विरोध व्यक्त किया जा चुका है, साथ ही प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा, सहित वरिष्ठ नेताओं को कांग्रेस पार्षदों के विरोध से अवगत करा दिया था, किंतु अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया,

निर्णय न हो पाने के लिए कांग्रेस पार्षदों ने आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौर पर द्रौपदी कोली को क्षय देने का आरोप लगाया। पार्षदों ने कहा कि द्रौपदी कोली की नियुक्ति में भी राठौर की भूमिका रही है,राठौर द्वारा अजमेर में समानांतर कांग्रेस चलाई जा रही है, अजमेर में राठौर की गतिविधियों के चलते कांग्रेस कमजोर स्थिति में होती जा रही है, अजमेर में विधानसभा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बुरी हार का सामना करना पड़ा।

खरखेड़ी वनक्षेत्र में किया वृक्षारोपण

अजमेर, (कासं)। नवाल परिवार राजगढ़ एवं विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा अजमेर के रामकृष्ण विस्तार संचालक दिनेश नवाल के नेतृत्व में अपनी माता जी स्वर्गीय कमला देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय मथुरा प्रसाद सुपुत्र स्वर्गीय सुवालाल राजगढ़ वालो की पुण्य स्मृति में वृक्षारोपण कार्यक्रम खरखेड़ी स्थित वन क्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर 51 बरगद के वृक्ष, 51 पीपल के वृक्ष तथा शेष नीम के वृक्षों सहित 200 से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया।

यह वृक्षारोपण रामकृष्ण विस्तार से सुभाष नवाल, अभिनव कांकाणी, अशोक राठी,सुधीर मूंदड़ा,जगदीश झंवर, रमेश तापड़िया, रमेश बालानी, मदनमोहन सेठी, मुकेश डिडवानिया, सतीश राठी, सतीश भंसाली,राधा राठी, जमना आदि उपस्थित थे।

दस सूत्रीय मांगों को लेकर छात्र पदाधिकारी व छात्रों ने प्रदर्शन किया

अजमेर, (कासं)। अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र पदाधिकारी व छात्रों द्वारा बुधवार को सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्र पदाधिकारी और छात्रों जब अपनी मांगों को लेकर प्राचार्य के कक्ष में घुसने लगे तो पुलिस से धक्का मुक्की भी हुई। कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार बहरवाल का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। मांगे जल्द पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

छात्र नेताओं को बाहर निकालती हुई पुलिस।

एबीवीपी के छात्र नेताओं ने महाविद्यालय में आवश्यक सुविधाओं की कमी को लेकर विरोध जताया। उनकी प्रमुख मांगों में बॉयज हॉस्टल को पुनः प्रारंभ करवाना, ई-मित्र और निशुल्क फोटो कॉपी मशीन लगवाने, कॉलेज के मुख्यद्वार से अवैध टैक्सी स्टैंड हटवाने, पीजी पाठ्यक्रमों में सीटों की बढ़ाने, गर्ल्स हॉस्टल में महिला गार्ड की नियुक्ति, स्विमिंग पूल को पुनः चालू करवाने, लाइब्रेरी को 12 घंटे खुलवाने की व्यवस्था करना प्रमुख है। पुलिस और छात्रों के बीच झड़प प्रदर्शन के दौरान छात्रों की सं या और उठाता को देखते हुए क्लॉक टावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

पुष्कर सभापति पाठक का अभिनन्दन किया

पुष्कर, (निसं)। श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन में पुष्कर नगर परिषद के सभापति बनने पर कमल पाठक का अभिनन्दन किया गया। सभापति बनने के पश्चात् प्रथम बार सेवा-सदन में पधारने पर पुष्कर नगर परिषद के अध्यक्ष कमल पाठक का माहेश्वरी सेवा सदन के अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा एवं कार्यालय मंत्री मधुसुदन मालू ने माला-शॉल-साफा पहनाकर स्वागत किया। पाठक के साथ भाजपा पुष्कर मण्डल के महामंत्री अरुणजी वैष्णव एवं पार्षद महेन्द्रसिंहजी खंगारोत का भी अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर पुष्कर के विकास कार्यों पर भी विस्तार से महत्त्वपूर्ण चर्चा हुई। सेवा सदन के अध्यक्षजी ने पुष्कर के विकास हेतु नगर परिषद बनाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट करते हुए सभापतिजी को बधाई दी एवं पुष्कर के चहुंमुखी विकास के लिये सभापतिजी को समर्पित भाव से कार्य करने का आग्रह किया।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स गणनायक मार्बल्स, बोरावड भागीदारी पंजीयन सं. 17/20/2009/61 में दिनांक 29.04.2024 से निम्न परिवर्तन हुआ है- मैसर्स गणनायक मार्बल्स के साझेदार श्री भंवर लाल पुत्र श्री मांग राम व श्री विजय सिंह राजपुरोहित पुत्र श्री भंवर लाल राजपुरोहित साझेदार फर्म से रिटायर हो गये है । तथा श्री अमीत पुत्र श्री हिम्मत सिंह, श्री रवि राजपुरोहित पुत्र श्री बहादुर सिंह राजपुरोहित, श्रीमति सुनिता राजपुरोहित पत्नी श्री नरपत सिंह राजपुरोहित उक्त फर्म में साझेदार के रूप में यथावत रहे है । जिसके सबंध में साझेदारी विलेख में आवश्यक परिवर्तन सभी पक्षकारो की सहमति से कर दिया गया है। यह सूचना जनता के लिए प्रकाशित है। किसी को कोई एतराज हो तो रजिस्ट्रार ऑफ फर्म, नागौर में अपनी आपति 7 दिनो के अन्दर अन्दर दर्ज कराये।

मैसर्स गणनायक मार्बल्स, बोरावड भागीदार

आम सूचना

मै मेरे मुवक्किल प्रकाशचन्द पामेचा पुत्र श्री रतनलाल पामेचा उम्र 72 वर्ष जाति जैन निवासी बी-146 रियलिस्टीक राजदरबार सिटी, विजयनगर तहसील व थाना विजयनगर जिला ब्यावर (राज.) के जरिये इस आम सूचना के हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल का पुत्र मीतेश पामेचा जो कि वर्तमान समय में मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं है और उससे मेरे मुवक्किल का किसी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। मेरा मुवक्किल आज दिनांक को इस आम सूचना के जरिये उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल कर उससे अपने समस्त प्रकार के रिश्ते समाप्त कर रहा है। इस आम सूचना के पश्चात कोई भी व्यक्ति यदि मेरे मुवक्किल के पुत्र मीतेश पामेचा-से किसी प्रकार का कोई सव्यवहार अथवा पैसो का लेन देन करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी उससे मेरे मुवक्किल का किसी प्रकार का कोई लेना देना नहीं होगा।

दिनांक 4 7.2024

भवदीय
अरिहंत लोढ़ा (एडवोकेट)
महावीर बाजार विजयनगर
जिता- ब्यावर (राज) मोबाइल नंबर 9214988110

श्री कालाजी भेरुजी मेला कल

मसूदा, (निसं)। मसूदा कस्बे के निकट देवमाली रोड स्थित श्री कालाजी भेरुजी महाराज मंदिर पर भव्य भजन संध्या व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमआज गुरुवार शाम आठ बजे अध्यक्ष दौलत सिंह मेडतिया ने बताया कि मंदिर परिसर मे आज 5 सितम्बर गुरुवार को रात्रि 8 बजे मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधान मीनू कंवर राठौड़ की अध्यक्षता मे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विशिष्ट अतिथि :दिनेशकुमार टांक, जिला परिषद सदस्य, मसूदा, प्राचीजी जैन, पं.स. सदस्य, मसूदा, पुष्पकांता धूत, सरपंच मसूदा,पूजा गुर्जर, सरपंच देवमाली,माधुराम गुर्जर, पूर्व सरपंच देवमाली व ब्रह्मालाल गुर्जर, भोपाजी होगे। रात्रि 8 बजे गोपाल म्यूजिकल ग्रुप बिजयनगर वालों द्वारा भजन संध्या में रंगारंग प्रस्तुतिगायक मनराज दिवाना, प्रकाश डांगी डांसर-शालू नागौरी, ज्योति मारवाड़ी सुमन प्रजापति कॉमेडियन-राजू छेला एंड पार्टी द्वारा किया जाएगा।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की दी जानकारी

■ शिविर में आज 50 उपभोक्ताओ द्वारा रूचि दिखाई गई

अजमेर, (कासं)। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना हेतु माननीय प्रबंध निदेशक अजमेर डिस्कॉम के निर्देशानुसार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना हेतु सहायक अभियंता (पवस) अविविनिलि नसीराबाद कार्यालय प्रॉगण में 4 सितम्बर को प्रात: 11 बजे से सांय 5 तक पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार प्रसार व जागरूकता के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा गैर पारम्परिक उर्जा उत्पादन को बढावा देने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कि जानकारी आमजन को दी गई।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के शिविर में आज 4 सितम्बर 2024 को 50 उपभोक्ताओ द्वारा रूचि दिखाई गई, जिसमे सभी उपभोक्ताओं को पेम्पलेट दिये गये एवं इसके सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही इस शिविर में उपस्थित अधिकृत वेडंर व राष्ट्रीकृत बैंक के कर्मचारियों के द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त योजना पर फाईनेंस व इंश्योरेंस कि सुविधा भी उपलब्ध है जिसके माध्यम से आसानी से रूफटॉप सोलर स्थापित किया जा सकता है। आज इस शिविर के माध्यम से 5 उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर सौर उर्जा संयत्र स्थापित करने के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाये एवं इस योजना का लाभ उठाया।

शीघ्र ही इस योजना के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यालय सहायक अभिंयता नसीराबाद के क्षेत्राधीन 12 जीएसएस (श्रीनगर, कानपुरा, बीर, रामसर, सनोद, रिको बेंवजा, बाघसूरी, भवानीखेडा, पीएस-6, नसीराबाद सिटी) में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसकी जानकारी सभी आमजन को समय सारणी निर्धारित होते ही प्रदान कर दी जायेगी।

पुरावत चुने गए 9 वीं बार महामंत्री

भीलवाड़ा, (निसं)। राजस्थान इंटक के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली के निर्देशानुसार आज भीलवाड़ा सिंथेटिक्स मजदूर संघ (मंडपम) की कार्यकारिणी के चुनाव राजस्थान इंटक के महामंत्री नारायण गुर्जर, जिला अध्यक्ष दीपक व्यास एवं प्रताप सिंह राजपूत की उपस्थिति में चुनाव अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा, सत्यनारायण सेन, भैरू सिंह टांक एवं कालूलाल बलाई द्वारा संपन्न करवाए गए।

बीएसएल, चित्तौड़ रोड की यूनिट में राजस्थान इंटक द्वारा जारी निर्देशानुसार संपन्न हुए चुनाव में पप्पू सिंह दरोगा अध्यक्ष पद पर एवं छोटू सिंह पुरावत लगातार नौवीं बार महामंत्री के पद पर चुने गए, इनके साथ ही खाता प्रतिनिधियों के भी चुनाव संपन्न हुए, जिसमें सभी श्रमिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। खाता प्रतिनिधियों में रामराज मीणा, शिवदयाल कुम्हार, भैरूलाल बलाई, रामेश्वर लाल वैष्णव, दिनेश कुमार वैष्णव, लादू लाल गाडरी, लक्ष्मण सिंह आदि चुने गए।

सड़कों की खराब दुर्दशा को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

■ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, एक सप्ताह में सुधारने की मांग

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर की सडकों की दुर्दशा और जल्द ठीक करवाने की मांग को लेकर बुधवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी (उत्तर ब्लॉकी-बी) के कांग्रेसियों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को ज्ञापन सौंप कर एक सप्ताह के भीतर समस्या के समाधान की मांग की तथा चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर कांग्रेसियों द्वारा आंदोलन कर आमरण अनशन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

कांग्रेस कमेटी अजमेर उत्तर ब्लॉक ए व अजमेर उत्तर ब्लॉक बी की ओर से प्रदेश कांग्रेस सचिव कैलाश झालीवाल, कांग्रेस कमेटी अजमेर उत्तर क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद तथा कांग्रेस महासचिव नौरत गुजर के संयुक्त नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों ने जिला कलेक्टर भारती दीक्षित को ज्ञापन देकर अजमेर की क्षतिग्रस्त सडकों की वजह से आम नागरिकों को हो रही परेशानी के मद्देनजर सडकों की दुर्दशा शीघ्र ठीक करने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में सडकों को ठीक नहीं कराया गया तो मजबून कांग्रेसजनों को आमरण अनशन जैसे आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल ने कहा कि अजमेर शहर की अधिकांश सडकों की स्थिति अत्यंत खराब है, जिनमें प्रमुख कचहरी रोड, स्टेशन रोड, मार्टिंडल ब्रिज के पास का क्षेत्र, पृथ्वीराज मार्ग और सोनी जी की नसिया मार्ग सहित यही हाल शहर की अन्य प्रमुख मार्गों का हैं।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शोभा मेहता पत्नि श्री ज्ञानचन्द मेहता निवासी- प्रकाश नगर गली न. 1. फॉयसागर रोड़, अजमेर की ग्राम माकड़वाली के वर्किंग खसरा नम्बर 790 मे क्षेत्रफल 433.33 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड की भूमि आवेदक ने श्री सुनिल पोखरणा सुपुत्र श्री नन्दलाल पोखरणा जरिये मुख्तयार आम सर्व श्री मांगु व छोटू पिसरान स्व श्री छोगाजी, सुजान व भोमा पिसरान नानू निवासी-माकड़वाली रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 16.09.1994 व ज्ञानचन्द मेहता पुत्र नेमीचन्द मेहता का हिस्सा जरिये हक त्याग पत्र दिनांक 20.08.2015 विपिन कुमार मेहता, सचिन कुमार मेहता पुत्रगण स्व. ज्ञानचन्द मेहता से प्राप्त की है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र मे विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धधारी को इस नियमन के संबंध मे आपति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर

टैलीफोन नम्बर - 01462-230051 ई-मेल- npvijaynagar@gmail.com
क्रमांक-न.पा. बि./भूमि/2024/2785 दिनांक-4-9-24

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	पत्रावली न.	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू सं.	क्षेत्र
1	08	इन्द्रा देवी/भागचन्द माली	गोपाल बाड़ी चौसला बिजयनगर	3977	182.183	2127.5 वर्गफिट

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बिजयनगर

'घी की बिक्री पर मंडी टैक्स हटवाएं तथा सीएम संबल योजना की राशि दिलाएं'

अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने की राज्यपाल से मुलाकात

अजमेर, (कासं)। अजमेर सरस डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने बुधवार को राज्यपाल से मुलाकात कर दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के तहत अनुदान जारी कराने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार ने पूर्व राज्य सरकार के पशुपालन विभाग के डेयरी से सम्बन्धित कार्यक्रमों को जारी रखते हुए दुग्ध उत्पादकों को मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के 5 रुपए प्रति लीटर का अनुदान देना निश्चित किया था, किन्तु विगत 7 माह से नहीं मिल रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि राज्य सरकार ने 200 करोड़ रुपये की 5 माह की स्वीकृति जारी कर रखी है, लेकिन आरसीडीएफ की राशि ट्रांसफर नहीं होने से भुगतान नहीं हो पा रहा है।

राज्यपाल से मुलाकात करते हुए अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी।

इसके साथ ही मिड डे मील कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों को दूध उपलब्ध करवाने का कार्यक्रम है परन्तु शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा मोटे अनाज का विचार रखने से बच्चों को दूध की उपलब्धता को अभी तक लागू होने से रोक रखा है।

मिड डे मील में दुग्ध का पाउडर सप्लाई करने से राजस्थान को समस्त सहकारी जिला दुग्ध समूह के पाउडर का भी उपयोग हो जाएगा एवं बच्चों को भी मिड डे मील में दुग्ध मिलने से स्वास्थ्य में सुधार आएगा । इसके अतिरिक्त वर्तमान में प्रदेश के जिला समूहों में लगभग 2000 पदों से अधिक रिक्त पद पड़े हैं उसमें से लगभग 1000 पदों की भर्ती जारी करने की आरसीडीएफ की मंशा है परन्तु अजमेर डेयरी के 280 पद की भर्ती को रोक रखा है एवं प्रकरण वित्त विभाग के प्रमुख सचिव के पास विचाराधीन लंबित है।

उन्होंने राज्यपाल को अजमेर डेयरी के विजिट करने का भी निमंत्रण दिया और बताया कि अजमेर डेयरी उत्तरी भारत में सबसे उन्नत किस्म की डेयरी बनाई गई है इसमें 13 देशों की टेक्नोलॉजी काम में ली गई है तथा वर्तमान में 56 प्रकार के प्रोडक्ट उत्पादित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि राज्यपाल डेयरी विजिट पर आते हैं तो एक विशाल दुग्ध उत्पादन उत्पादकों का सम्मेलन आयोजित करवाया जाएगा जिसमें आपके औरंगाबाद डेयरी के अध्यक्ष के कार्यकाल के अनुभवों का लाभ मिलेगा। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि अक्टूबर माह में वे कार्यक्रम बनाएंगे।

चौधरी ने राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में घी की बिक्री पर मंडी टैक्स को उचित नहीं बताया। उन्होंने कहा कि घी मंडी में बिकने नहीं जाता है प्रतिवर्ष विभिन्न जिला दुग्ध समूहों को 70 से 80 करोड़ रुपए मंडी टैक्स के देने पड़ रहे हैं अजमेर डेयरी को लगभग 8 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष चुकाने पड़ते हैं।

अजमेर डेयरी अध्यक्ष ने राज्यपाल को अवगत कराया कि इस वर्ष पांच संकल्प लिए हैं की इस वर्ष प्रतिदिन 5 लाख लीटर दूध संकलन करेंगे तथा 3 लाख लीटर दूध विपणन करेंगे, इसके साथ ही इस वर्ष अजमेर डेयरी को ऋण मुक्त कर दिया जाएगा इसके अतिरिक्त अजमेर डेयरी में निर्माण के अधूरे कार्यों को इसी वर्ष पूर्ण कर लिया जायेगा अंत में पांचवां संकल्प अजमेर डेयरी में रिक्त 280 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी इस पर राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की। प्रतिनिधि दल में अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के साथ हरिराम चौधरी एवं विवेक कडवा साथ उपस्थित रहे।

स्मैक सहित एक आरोपी गिरफ्तार

मसूदा, (निसं)। कस्बे के पास पुलिस ने 24.87 ग्राम स्मैक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मसूदा थानाधिकारी गणपतराम ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड के निर्देशन मे तथा वृत्ताधिकारी वृत मसूदा सज्जनसिंह के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना मसूदा गणपत राम उप निरीक्षक व टीम द्वारा गोपाल पुत्र हाथीराम गुर्जर के कब्जे से 24.87 ग्राम स्मैक बरामद की गई। 02 सितम्बर को गणपत राम उप निरीक्षक मय जाप्ता मय निजी वाहन कार से प्रकरण संख्या 278/2024 में वांछित आरोपीगण की तलाश बाबत कस्बा मसूदा जाने के दरम्यिान पायलट नगर सरहद मसूदा के पास मोटरसाईकिल नंबर आर.जे. 01 एस.यू. 9054 का चालक गोपाल पुत्र हाथीराम जाति गुर्जर उम्र 62 साल निवासी ग्राम चावण्डिया पुलिस थाना मसूदा जिला ब्यावर बावर्दी पुलिस जाब्ता को देखकर मोटरसाईकिल को जंगलात भूमि की ओर जाने वाले रास्ते पर तेजगति से भगाने लगा तो उक्त व्यक्ति की गतिविधी संदिग्ध लगने पर पुलिस जाब्ता द्वारा मोटरसाईकिल का पीछा कर विधी के प्रावधानो के अनुसार तलाशी ली जाने पर मोटरसाईकिल के दांयी साईड में लगे काले बेग में 24.87 ग्राम स्मैक बिना लाईसेंस व परमिट के पायी जाने पर आरोपी गोपाल पुत्र हाथीराम को गिरफ्तार किया।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन दक्षिण अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: LU2012/ADA/2024-25/101284 दिनांक 03/09/2024

लोक सूचना

श्री PRATEEK JAJU पुत्र श्री SATYA NARAYAN JAJU जाति MAHESHWARI निवासी H.NO.21, SURAJ VIHAR, LOHAGAL ROAD, AJMER श्री SUMIT GOYAL पुत्र श्री SUNIL GOYAL जाति AGARWAL निवासी 42, GOPALAM MANGALAM COMPLEX, SYPHON CHOURAHA, GIRWA, UDAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	पालरा, अजमेर (अजमेर)	PRATEEK JAJU	1189	5200	0.52
2.	पालरा, अजमेर (अजमेर)	SUMIT GOYAL	1190	1100	0.11
3.	पालरा, अजमेर (अजमेर)	SUMIT GOYAL	1192	1600	0.16
				कुल	0.79

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकान पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 03/09/2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, जोन दक्षिण अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत बिठवालिया पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)

क्रमांक: गप/2024-25/38 दिनांक- 02/09/2024

ई-निविदा सूचना 02-2024-25

ग्राम पंचायत बिठवालिया पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब http://sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाऐं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB- ZNR2425A0392 UBN-ZNR2425GLRC00446

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बिठवालिया
पंचायत समिति परबतसर

सरपंच
ग्राम पंचायत बिठवालिया
पंचायत समिति परबतसर